हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री


12 केशकाल में सड़क बदहाल, कांग्रेसियों का एनएच के ...





13 वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा




## खबर संक्षेप



### पशु सखियों को मिला टीकाकरण और पशुपालन का प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में सघन पशु टीकाकरण और पशुपालन सम्बन्धी जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग देने के उद्देश्य से पशु सखियों को 17 दिवसीय सघन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस बारे में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जगदलपुर डॉ. देवेन्द्र नेताम ने बताया कि कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में 14 से 30 जुलाई तक कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हरावण्ड में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा कुल 27 पशु सखियों को पालतू मवेशियों की देखभाल एवं उपचार सहित टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं पशु चिकित्सा शल्यज्ञ डॉ. आलोक भार्गव द्वारा पशुपालकों, किसानों एवं ग्रामीणों के हित में संचालित जनहितकारी योजनाओं के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित तीन परिवारों को 12 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित तीन परिवारों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। तहसील बंकावण्ड ग्राम मंगनार निवासी दुपेश देवांगन की मृत्यु पानी में डूबने से पिता टम्पेश्वर देवांगन तथा तहसील भानपुरी ग्राम सोरगांव निवासी धर्नुजय की मृत्यु पानी में डूबने से पिता हरचन्द बघेल प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। वहीं तहसील तोकापाल ग्राम चोण्डी मेटावाड़ा निवासी मोती पोयाम की मृत्यु बिजली गिरने से पुत्र हरी पोयाम, मधु पोयाम एवं साधु पोयाम प्रत्येक को स्वीकृत चार लाख रूपए आर्थिक सहायता की समान राशि प्रदान किए जाने की मंजूरी दी गई है।

### प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा 3 अगस्त को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रयोगशाला परिचारक चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा 3 अगस्त को समय सुबह 11 बजे से दोपहर 10. 15 बजे तक बस्तर जिले के 9 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से ढाई घंटा पहले पहुंचना अनिवार्य है। प्रवेश से पूर्व मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की पूरी जांच की जाएगी। फर्जी परीक्षार्थियों और पहचान संबंधी अनियमितताओं को रोकने के लिए निरीक्षकों द्वारा एक पहचान पत्र के सत्यापन की कार्यवाही की जाएगी। परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे बाली, झुमका, मोबाइल), बेल्ट, जूता, मोजा, हाथ में घड़ी, धागे, किसी भी प्रकार का संचार साधन, शेष पेज 12 पर

# ओडिशा बीजू जनता दल के धरना देते ही रेलवे ने जारी किया निरस्त यात्री ट्रेनों का बहाली आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग मुख्यालय से 85 किमी दूर पूर्व तट रेलवे अंतर्गत किरन्दुल-कोरापुट रेल लाइन के जैपुर और कोरापुट के मध्य मल्लिगुड़ा-जरटी स्टेशन में 2 जुलाई को भूस्खलन की घटना के बाद 4 जुलाई को बाधित केके लाइन बेहाली के बाद भी मालगाड़ी के परिचालन 5 जुलाई से प्रारम्भ किया गया। किरन्दुल-जगदलपुर-जैपुर से यात्री ट्रेनों के संचालन को लगातार 28 दिनों तक स्थगित रखा गया। विशाखपट्नम रेल मंडल के इस निर्णय के विरोध में बस्तर के राजनीति दलो द्वारा केवल मीडिया के माध्यम से राजनीति चमकाने का प्रयास किया गया।

## जैपुर रेलवे स्टेशन में सोमवार को बीजू जनता दल प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में रेल जीएम को पत्र भेज दी थी चेतावनी



### स्थानीय नेता राजनिति में ही व्यस्त रहे

विदित हो पड़ोसी राज्य कोरापुट से संचालित बस्तर की यात्री ट्रेनों के विस्तार की मांग को लेकर यहां बस्तर में भाजपा और कांग्रेस के बीच बयानबाजी चल रही थी। वहीं ओडिशा के जैपुर में वहां की प्रमुख विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल बीजद ने रेलवे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीजद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रविनारायण नंद और बाला राय अध्यक्ष बीजद श्रमिक संघ जिला कोरापुट के नेतृत्व में सोमवार को जगदलपुर से 70 किमी दूर किरंदुल-कोत्तावालसा रेललाइन स्थित जैपुर स्टेशन में स्थानीय लोगों ने दो घंटे धरना दिया गया। धरना देने के बाद महाप्रबंधक पूर्वी तट रेल जोन भुवनेश्वर परमेश्वर फुंकवाल को मांग पत्र भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि 2 जुलाई को जैपुर के निकट मल्लीगुड़ा-जरटी स्टेशन के बीच भूस्खलन की घटना के कारण मार्ग रेलमार्ग बाधित हुआ था। तीन दिनों के भीतर मार्ग बहाल कर मालगाड़ियों का परिचालन शुरू किया जा चुका है।

इधर इन्हीं मांगो को लेकर पड़ोसी प्रांत ओड़िसा का मुख्य विपक्षी राजनीति दल बीजू जनता दल सोमवार को एक दिवसीय धरना और रेल जीएम को भेजे चेतावनी भरे पत्र से पूर्वतट रेल प्रशासन तत्काल हरकत में आकर आनन-फानन में बंद किरन्दुल और जगदलपुर से संचालित होने वाली सभी 5 यात्री ट्रेनों को 31 जुलाई याने गुरुवा से चलाने के निर्देश जारी कर दिया गया।

जगदलपुर और किरंदुल से संचालित होने वाली यात्री ट्रेनों हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखण्ड एक्सप्रेस, राउरकेला-जगदलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, किरन्दुल-विशाखपट्नम शेष पेज 12 पर

## शिनाख्त : मारे गए केरलापाल एरिया कमेटी मेंबर पर था 5 लाख का ईनाम

# गोगुंडा-डोंगिनपारा मुठभेड़ में मारा गया कोटला गंगा उर्फ मुचाकी गंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर /कोंटा

सुकमा व दंतेवाड़ा जिला के सरहदी इलाके गोगुंडा-डोंगिनपारा के जंगल में मारे गए नक्सली की शिनाख्त हो चुकी है। मुठभेड़ में मारे गए केरलापाल एरिया कमेटी मेंबर कोटला गंगा उर्फ मुचाकी गंगा पर पांच लाख का ईनाम घोषित था। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़स्थल से मारे गए नक्सली के शव के अलावा भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक भी बरामद किया है।

■ मुठभेड़ स्थल से बीजीएल लॉन्चर हथियार एवं भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि केरलापाल थाना क्षेत्र स्थित डोंगनपारा के जंगल में मंगलवार सुबह माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुकमा डीआरजी, एसटीएफ व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। अभियान के दौरान सुबह से ही माओवादियों व सुरक्षाबलों के बीच रूक रूककर कई बार मुठभेड़ हुई। फायरिंग रूकने के बाद मुठभेड़स्थल की सर्चिंग में एक वर्दीधारी शेष पेज 12 पर



### मुठभेड़ स्थल से बरामद हथियार

सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ उपरांत स्थल से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया है। बरामद हथियारों में बीजीएल लांचर रायफल, बीजीएल पोज, बीजीएल सेल, बीजीएल लॉन्चर कॉटेज, वायरलेस सेट मय चार्जर, डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, जिलेटिन रॉड, पिट्ठु, एलीमीटर, बिजली वायर, नक्सली साहित्य के अलावा अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री शामिल है।

### हिंसा का मार्ग त्याग कर पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं

विषम भौगोलिक परिस्थितियों और कठिन मौसम के बावजूद बस्तर में तैनात पुलिस एवं सुरक्षा बल केन्द्र व राज्य सरकार के मंशा के अनुरूप व बस्तरवासियों की आकांक्षाओं के अनुरूप जनजीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। माओवादी कैडरों से अपील करते है कि इस यथार्थ को स्वीकार करें कि माओवाद समाप्ति के कगार पर है। अब समय आ गया है कि वे हिंसा का मार्ग त्याग कर सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाते हुए मुख्यधारा से जुड़ें अन्यथा कठोर परिणाम भुगतने तैयार रहें। - **सुंदरराज पट्टलिंगम,** आईजी बस्तर

# पीडब्ल्यूडी के पांच अफसर गिरफ्तार

## मिरतुर-गंगालूर सड़क घोटाले में बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



मिरतुर से गंगालूर तक बनने वाली सड़क के निर्माण में करीब 120 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच में बड़ा मोड़ आया है। इस बहुचर्चित भ्रष्टाचार मामले में पुलिस ने लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के पांच अधिकारियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गौरतलब है कि इसी सड़क के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले पत्रकार मुकेश चंद्राकर की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उसके शव को सेप्टिक टेंक में डालकर उसे चुनवा दिया गया था। जिससे पूरे राज्य में आक्रोश फैल गया था। एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने जानकारी दी कि रविवार को विशेष टीम द्वारा दो अधिकारियों को रायपुर से, एक को सुकमा से, एक को जगदलपुर और एक को बीजापुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अधिकारियों में आर. साहू सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता, पीडब्ल्यूडी, वी. चौहान सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता, पीडब्ल्यूडी, एचएन पात्र वर्तमान कार्यपालन अभियंता, सुकमा, प्रमोद सिंह कर उपयंत्री (एसडीओ), पीडब्ल्यूडी बीजापुर एवं संतोष दास अभियंता, पीडब्ल्यूडी शेष पेज 12 पर

■ पत्रकार की हत्या से जुड़ा मामला फिर चर्चा में

### पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को नहीं भूले लोग

इस घोटाले से जुड़ी रिपोर्टिंग कर रहे पत्रकार मुकेश चंद्राकर की 1 जनवरी 2025 में निर्मम हत्या कर हत्यारों ने मुकेश के शव को सेप्टिक टेंक में डाल दिया था। माना जा रहा है कि उनकी जान इस घोटाले की पोल खोलने के कारण ही गई थी। अब जब इस प्रकरण में बड़ी कार्रवाई सामने आई है, तो पत्रकारों और सामाजिक संगठनों ने इसे आंशिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# 6 लाख का चोरी का सामान और ट्रक जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

लार्सन एंड टुब्रो कंपनी में 29 जुलाई सुबह लगभग 5 बजे चोरों ने कंपनी परिसर में रखे 203 नग ब्लू कोटेड शीट कीमत करीबन 6 लाख 35 रुपए 796 रुपए को ट्रक में भरकर चोरी करने की रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स उदित पुष्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में निरीक्षक थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने टीम गठित कर आरोपी विनोद यादव जो लार्सन एंड टुब्रो कंपनी के अंदर इलेक्ट्रिकल कन्ट्रेक्टर के अधीन काम करता है को हिरासत में लेकर पुछताछ करने की गई। पूछताछ के बाद चोरी में प्रयुक्त ट्रक नं. सीजी 18 एच 1505 व उसमें लोड ब्लू कोटेड शीट 203 नग को जब्त किया गया। उसके साथी विश्वजीत राय, दीपक दुर्गा एवं संजय विश्वास सभी निवासी किरन्दुल घटना के पश्चात फरार हो गये थे। जिन्हें टीम ने सायबर सेल के मदद से तलाश कर 30 जुलाई को गिरफ्तार किया। इन्हें न्यायिक रिमाण्ड के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में उप निरीक्षक गोल्डी भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक के. सीमाचलम व प्रआर किर्तन नेताम, आरक्षक देवलाल सिदार, मकसूदन मंडावी, सोना ताती, बंटी मरकाम, पदमनाथ एवं सायबर सेल टीम की भूमिका रही।

# बस्तर की बहनों ने 1001 राखी, भेजकर सैनिकों के प्रति व्यक्त किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले की स्काउट्स और गाइड्स बहनों ने एक राखी सैनिक भाइयों के नाम अभियान के तहत 1001 राखियाँ बनाकर देश की सेवा में जुटे सैनिकों के प्रति अपना प्रेम और सम्मान व्यक्त किया है। यह पहल सांसद और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव तथा राज्य सचिव कैलाश सोनी के आह्वान पर की गई थी। जिला मुख्य आयुक्त और महापौर संजय पाण्डे के साथ ही जिला आयुक्त और जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों में गाइड कैप्टन और रेंजर ने योगदान दिया है।

आकांक्षा हाट का महापौर और कलेक्टर ने किया उद्घाटन

# स्थानीय उत्पाद के विक्रय के लिए अच्छा अवसर : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों को उनके उत्पादों के विपणन के लिए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आकांक्षा हाट का आयोजन सिरहासार भवन जगदलपुर में किया गया है। बुधवार को उक्त आकांक्षा हाट का शुभारंभ महापौर संजय पांडेय और कलेक्टर हरिस एस ने रिबन काटकर किया। इस हाट में जिले की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए स्थानीय उत्पादों तथा राखियों की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है। इस आयोजन का उद्देश्य इन महिला समूहों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। हाट में खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प, पारंपरिक परिधान, सजावटी सामग्री और अन्य स्थानीय उत्पाद नागरिकों के लिए उपलब्ध है।

महापौर ने कहा कि स्थानीय उत्पाद के विक्रय के लिए यह अच्छा अवसर है। आयोजन 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से इस हाट में सम्मिलित होकर स्थानीय उत्पादों को खरीदी कर समूह के दीदियों को बढ़ावा दें। उन्होंने आकांक्षा हाट बस्तर की शान के नाम से हस्ताक्षर कर महिला समूहों को प्रोत्साहित किया।

### स्टालों का किया अवलोकन

*साथ ही महापौर और कलेक्टर ने विभिन्न स्टॉलों में महिला समूहों के उत्पादों का बारीकी से अवलोकन करने सहित महिला समूहों की दीदियों का उत्साहवर्धन किया। इस हाट का आयोजन नीति आयोग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जिला प्रशासन की पहल पर किया गया है। आकांक्षा हाट का यह आयोजन आगामी 5 अगस्त तक रहेगा।*

## 40 सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं को दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

# घरों में सोलर पैनल लगाकर उपलब्ध कराएं मुफ्त बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के प्रशासनिक भवन परिसर में स्थित कल्याण भवन में लगभग 40 सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. आर सेंठिल कुमार एवं इंजीनियर गौतम ने प्रशिक्षण में बताया कि इस योजना का उद्देश्य है कि घरों में सोलर पैनल लगाए जाएं और लोगों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए विद्युत कंपनी के इंजीनियरों को सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना, रखरखाव और संचालन के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इंजीनियरों को कहा गया कि वे ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दें। योजना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद करेगा। यह सुनिश्चित करेगा कि सौर ऊर्जा प्रणालियों को सही तरीके से स्थापित, संचालित और रखरखाव किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिल सके और देश ऊर्जा शेष पेज 12 पर

### ये रहे मौजूद

प्रशिक्षण के दौरान ईडी के साथ सहायक मुख्य अभियंता एके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव, सुदीप खेस, सलीम खान, नंद कुमार मांझी, सहायक अभियंता नंदलाल काशी, निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, अरविंद खोबरागढ़े सहित कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे।

### विद्युत खपत में होगी कमी

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने हेतु तकनीकी मार्गदर्शन, विभागीय सहायता और वित्तीय अनुदान की व्यवस्था की गई है। इससे न केवल विद्युत खपत में कमी होगी, बल्कि उपभोक्ताओं की आय में अप्रत्यक्ष रूप से वृद्धि भी होगी।




बी. आर बालाजी एल. एल. पी जगदलपुर : ब्रांच - दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर,
इस ऑफर का लाभ लेने के लिए अभी कॉल कीजिये : 8448989092,8448989093

## खबर संक्षेप



### एसपी ने अस्पताल वार्ड के आंबा केंद्र में बच्चों को बांटे गणवेश

**कोण्डागांव।** पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने आज अपने नोडल अस्पताल वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर बच्चों को गणवेश वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के पोषण की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को फल, बिस्किट और खिलौने भी वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र आने वाले बच्चों के अभिभावकों से भी बात की और उन्हें बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र समुदाय का है। उन्होंने अभिभावकों से केंद्र को स्वच्छ रखने, बच्चों को प्रतिदिन केंद्र भेजने और समय–समय पर केंद्र का निरीक्षण करने का आग्रह किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने केंद्र में पानी की समस्या होने की जानकारी दी। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारी को जल्द से जल्द इसका निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को केंद्र परिसर की साफ–सफाई बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए कि बच्चे प्रतिदिन गणवेश में केंद्र आएं। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी और पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे।

### फरसगांव बीईओ पद से हटाए गए श्रीराम तारम ने संभाला प्रभार

**फरसगांव।** विकासखंड के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ललित राम सिन्हा को बैठक में अनुपस्थित रहना महंगा पड़ गया। उनको बीईओ पद से हटाकर उनकी जगह श्रीराम तारम को फरसगांव ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया। विगत दिनों कोंडागांव में संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा शिक्षा विभाग के कार्यों और सभी शासकीय योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में फरसगांव ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ललित राम सिन्हा अनुपस्थित थे। अनुपस्थिती को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए उनके द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेशों के अवहेलना, उच्च अधिकारियों के संचार माध्यम से संपर्क में ना रहना और शिक्षा गुणवत्ता के कार्य के लापरवाही बरतने को लेकर उन्हें तत्काल पद से हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों का पालन करते हुए ललितराम सिन्हा को बीईओ पद से हटाकर उनके मूल पद आलोर स्कूल में जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। उनके जगह माकड़ी ब्लॉक के सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम को फरसगांव ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया। बुधवार को नए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम फरसगांव के ब्लाक शिक्षा कार्यालय में पहुंचकर जॉइनिंग कर लिए है।



# भारी बारिश में गिरा गरीब परिवार का आशियाना, त्वरित राहत दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के ग्राम गिरोला पचपेड़ी भाटा मकान नं. 12 6में रहने वाले पेनेश्वर पांडे का मकान हाल ही में हुई लगातार भारी बारिश के चलते पूरी तरह से धराशायी हो गया है। मिट्टी और ईंट से बना यह पुराना मकान पहले से ही जर्जर हालत में था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश ने आखिरकार इसे पूरी तरह से गिरा दिया। इस हादसे के बाद पेनेश्वर पांडे और उनका परिवार से बेघर हो गया है। वर्तमान में वे बड़ी मुश्किल से किसी तरह अपनी गुजर–बसर कर रहे हैं। परिवार में छोटे बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं, जो इस परिस्थिति में अत्यंत परेशानी और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं।

## अब तक नहीं मिला पीएम आवास योजना का भी लाभ



### जिले में ऐसे ही कई और परिवार

पेनेश्वर पांडे जैसे कई गरीब परिवार हैं जो वर्षों से सरकारी योजनाओं की राह देख रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और शासन से अपेक्षा है कि ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई करते हुए जरुरतमंदों को आवास और राहत की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।



सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अब तक इस परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का कोई लाभ नहीं मिला है। जबकि यह योजना ऐसे ही जरूरतमंद और बेघर हुए गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी। ग्रामीणों और परिवार के अनुसार, उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिए, लेकिन अब तक न कोई सर्वे हुआ और न ही किसी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई गई है। पेनेश्वर पांडे का कहना है कि, हमने कई बार पीएम आवास के लिए आवेदन किया लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। अब मकान गिर चुका है, बच्चे भी डर के साए में हैं। सरकार से निवेदन है कि जल्द से जल्द हमें रहने के लिए मकान दिया जाए।

### सड़क गायब, सिर्फ तालाबनुमा गड्ढे शेष, डबल इंजन सरकार पर लापरवाही का आरोप

# केशकाल में सड़क बदहाल, कांग्रेसियों का एनएच के गड्ढों में लेटकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

▪ प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्थाई समाधान की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

बस्तर को राजधानी रायपुर से जोड़ने वाली लाइफलाइन एक मात्र सड़क नेशनल हाइवे 30 केशकाल मे बद से बदतर हो चुकी है जिससे आमजन एवं राहगीरों को हो रही भारी परेशानीयों को देख कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मे कांग्रेसजनों ने सड़क के गड्ढों मे लेटकर डुबकी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने सड़क मे रोपा लगाकर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मछली जाल फेंककर तो एनएसयुआई के पदाधिकारियों ने बेसरम का फूल पौधा लगाकर प्रदर्शन किया।

सड़क के गड्ढों मे डुबकी लगाने जैसे बनते तक रहना प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है भाजपा की डबल इंजन की सरकार मे ऐसे ही जुमले कार्य होते हैं। कई दफा स्थानीय रहवासियों एवं विभिन्न संघ संगठनों ने समय समय पर पत्राचार किया है फिर भी प्रशासन के कानो मे जूँ तक नहीं रेंग रही है। जिसके विरोध मे हम आज यहाँ केशकाल सड़क की दुर्दशा को देख प्रदर्शन करने सड़क मे उतरे हैं। दिनांक 29 जुलाई को जैसे ही कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रशासन को समय पूर्व सुचना मिलती है वैसे ही प्रशासन आधी रात मे जेसीबी से मिट्टी पटाई करने मे लग जाता है परन्तु यह कोई स्थाई समाधान नहीं है। कांग्रेस पार्टी आज गड्ढों मे बैठकर डुबकी लगाकर सांकेतिक प्रदर्शन के माध्यम से सरकार की आँख खोलने का काम किया है महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छग शासन के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप बदहाल सड़क के स्थाई समाधान की मांग की गयी है अगर निकट भविष्य मे भी सड़क की ऐसी दुर्दशा रही तो कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जायेगा अनिश्चित समय तक चक्का जाम भी किया जायेगा ऐसी चेतावनी कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को दी है।



### ये रहे उपस्थित

*प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम,जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, प्रदेश कांग्रेस सचिव सगीर अहमद कुरैशी,कोंडागांव शहर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केशकाल के कार्यकारी अध्यक्ष रति मरकाम, धनोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश बेलसरिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पीताम्बर नाग, विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम , एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पप्पू मंडावी,जिला कांग्रेस महामंत्री गिरधारी सिन्हा, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई सहित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी शहरवासी भारी संख्या मे मौजूद रहे।*

# कलेक्टर ने आड़काछेपड़ा स्कूल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

▪ वैकल्पिक भवन में स्कूल की कक्षाएं लगाने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज कोण्डागांव शहर के आड़काछेपड़ा में स्कूल भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या सहित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए कस्तुरबा गांधी विद्यालय भवन में अस्थायी तौर पर कक्षाएं संचालित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी जर्जर कक्ष में कक्षाएं न लगाएं और जर्जर होने की स्थिति में वैकल्पिक भवन की व्यवस्था करें। कलेक्टर ने आड़काछेपड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्टॉफ की संख्या, आवश्यक दवाइयों, उपकरणों और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र की अव्यवस्था पर नाराजगी जताई और स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चत कराएं, साथ ही अस्पताल में प्रसव के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### जिला ग्रंथालय भी पहुंची

कलेक्टर ने डीएनके में स्थित जिला ग्रंथालय का भी निरीक्षण कर सुविधाओं को देखा। उन्होंने जिला ग्रंथालय में आने वाले लोगों की कम संख्या को देखते हुए ग्रंथालय का संचालन की व्यवस्था केन्द्रीय ग्रंथालय के प्रथम तल में करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान उपस्थित रहीं।

# नई दिल्ली मे अभिषेक बेनर्जी को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

▪ हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए दिया गया

जिले के युवा लेखक अभिषेक बेनर्जी को हिंदी लेखन,हिंदी भाषा में उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं हिंदी साहित्य सृजन के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ द्वारा नई दिल्ली के पश्चिम विहार मे स्थित एक होटल मे आयोजित भव्य कार्यक्रम मे डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ देश के की उन संस्थाओं में से एक है जो विद्यावाचस्पति अर्थात डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान करती है। यह सम्मान उन्हें हिंदी भाषा की सेवा, उपाधि मिलने के पश्चात डॉ अभिषेक बेनर्जी को नई दिल्ली मे केंद्र सरकार में आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन लाल साहू ,बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग ने साल श्रीफल से सम्मानित कर बधाई दी व उज्वल भविष्य की कामना की।

### हिंदी भाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए रहूंगा समर्पित- डॉ. बेनर्जी

*डॉ. अभिषेक बेनर्जी ने बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ जैसी प्रतिष्ठित संस्था द्वारा मुझे डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान किया जाना, मेरे लिए केवल एक सम्मान हीं नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है7 ज्ञान, संस्कृति और समाज के प्रति अपनी भूमिका को और अधिक गंभीरता व समर्पण से निभाने की। यह उपाधि न केवल मेरी अब तक की यात्रा की एक स्वीकृति है, बल्कि एक प्रेरणा है कि आगे भी हिंदी भाषा, भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन में समर्पित रहकर अपने योगदान को और अधिक प्रभावशाली बना सकूं।*

# 6 अगस्त को प्लेसमेंट कैंप, रिक्त पदों की मांगी गई जानकारी

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोण्डागांव द्वारा निजी क्षेत्र के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 6 अगस्त 2025, बुधवार को एक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। ऐसे इच्छुक नियोजक जो अपने फर्म, संस्था, कार्यालय अथवा दुकान के लिए रिक्त पदों की पूर्ति इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से करना चाहते हैं, वे अपनी रिक्तियों की जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोण्डागांव को पत्र के माध्यम से, कार्यालय के ईमेल पर, या कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रदान कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय में कार्यालयीन समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमती केकती बर्मन सहायक ग्रेड–3 से संपर्क किया जा सकता है।

# खाद्य उद्योग स्थापना के लिए हुई जागरुकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

▪ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत मिला हितग्राहियों को मार्गदर्शन

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत, जनपद पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए उद्योग स्थापना के लिए हितग्राहियों को मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यशाला में खाद्य पदार्थों के निर्माण और जिले में खाद्य उद्योगों की स्थापना पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें पीएमएफएमईके तहत लाभान्वित हितग्राही, नगर के महिला स्व सहायता समूह, और कोण्डागांव ब्लॉक के डीआरपी अक्षत श्रीवास्तव एवं राजेन्द्र कुमार नेताम उपस्थित रहे।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोण्डागांव से कुसुमलता नेताम प्रबंधक, नम्रता एल्मा सहायक प्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी अशोक मिंज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यव्यवसायी घनश्याम ब्रम्हे, कार्यालय परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज से कुलेश्वर वर्मा, और जनपद पंचायत डीपीएम कोण्डागांव अखिलेश सलाम भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला ने सूक्ष्म खाद्य उद्योगों को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिला कबड्डी संघ का गठन खेल को मिलेगी नई पहचान



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले में कबड्डी खेल को एक नई पहचान दिलाने और युवाओं को इस खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2024–25 में जिला कबड्डी संघ कोण्डागांव का विधिवत गठन कर दिया गया है। संघ का प्रधान कार्यालय बड़ेराजपुर तहसील के कोरगाँव पोस्ट स्थित ग्राम आमागुहान में है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ खेल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह संघ छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 की धारा 3 के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है। संघ का मुख्य उद्देश्य जिले में कबड्डी खेल का व्यापक प्रचार–प्रसार करना, इसे जन–जन तक पहुँचाना, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण देकर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान करना है। संघ के प्रमुख पदाधिकारी – अध्यक्ष सोनाराम मरकाम, सचिव हिरदेलाल नेताम कार्यकारिणी सदस्य बालनाथ मरकाम, धमरसिंह नेताम, अशोक कुमार मरकाम, सुनील मंडावी, मृत्युंजय नाग, सुवेलाल शोरी एवं उमेश नेताम। यह पहल जिले में कबड्डी के विकास और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए एक नया मंच प्रदान करेगी।

# सूने मकान में युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

मृतक के सिर में चोट का निशान, मौके पर शराब की बोतल भी बरामद

**जगदलपुर।** कोड़ेनार थाना क्षेत्र के रायकोट में बीती रात एक युवक का शव मिला। शव के सिर में चोट का निशान व मौके पर शराब की बोतल भी पुलिस ने बरामद किया है। युवक के मौत की वजह पुलिस तलाश रही है और पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। कोड़ेनार थाना प्रभारी अमित पद्मशाली ने बताया कि सुने मकान में शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुचकर जांच की जा रही है। प्रारभिंक जांच में मृतक की शिनाख्त बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित गीदम रोड नाकापारा महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 47 निवासी सुनील सोनी उर्फछोटू 30 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि 29 जुलाई को रायकोट निवासी मन्नू कश्यप के सुने जर्जर पुराने मकान कमरे के अंदर एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा गया था। मामले की सूचना पर थाना प्रभारी अमित पद्मशाली व स्टाफ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की गई। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। मौके पर मृतक के परिजनों को बुलाकर शिनाख्त कराई गई। आसपास के लोगों का कहना है कि रात को कुछ लोग उस घर में गए हुए थे जहां एक युवक का शव देखा गया। शव के पास कुछ शराब की बोतल व चिप्स के पैकेट भी देखे गए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद भी कुछ कहा जायेगा। फिलहाल शव को पीएम के लिए भेजा गया है। बुधवार को पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अब पुलिस को मृतक के पीएम रिपोर्ट का इंतजार है जिससे मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### पुराने और नए बस स्टैंड पर स्टॉपेज निर्धारण, अवैध पार्किंग हटाने पर हुई चर्चा

# नए बस स्टैंड में व्यवस्था सुधारने को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

▪ व्यापारियों को जल्द दुकान खोलने का निर्देश, यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार, कोंडागांव के नए बस स्टैंड के प्रभावी संचालन के संबंध में आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में शहर के व्यापारियों और बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बसों की आवाजाही और आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने आवश्यक सुझाव दिए। व्यापारियों और बस संचालकों द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। स्टॉपेज निर्धारण, पुराने एवं नए बस स्टैंड में पाँच–पाँच मिनट का स्टॉपेज निर्धारित करने का सुझाव दिया गया। अवैध पार्किंग और अतिक्रमण, पुराने बस स्टैंड में अवैध पार्किंग और वाटर एटीएम को हटाने की मांग की गई। अतिरिक्त ठहराव, रायपुर नाका एवं गांधी चौक पर आवश्यकतानुसार बसों के ठहराव की बात हुई। ऑटो किराया निर्धारण, विभिन्न रूटों के लिए ऑटो किराया निर्धारित करने पर भी चर्चा की गई।



### मूलभूत सुविधाओं और दुकान संचालन पर निर्देश

एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शौचालय, स्वच्छता, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ। इसके साथ ही, नए बस स्टैंड में जिन व्यापारियों को दुकानें आवंटित की गई हैं, उन्हें शीघ्र उनका संचालन प्रारंभ करने को कहा गया। इस बैठक में जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया, यातायात प्रभारी मुकेश जोशी, नगर पालिका के अधिकारी, शहर के व्यापारीगण और बस संचालक उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### ओडिशा बीजू जनता ...

पैसेंजर और किरन्दुल-विशाखपट्नम नाईट एक्सप्रेस को पिछले 5 जुलाई से निरस्त किया गया है, जबकि इस अवधि में लौह अयस्क से लदी 58 डिब्बे की मालगाड़ी बिना रुकावट के दौड़ाई जा रही है। इन ट्रेनों का परिचालन कोरापुट तक किया जा रहा है। बताया गया है कि भूस्खलन के बाद रेललाइन और घटनास्थल के आसपास की भौगोलिक स्थिति यात्री ट्रेनों के संचालन लायक नहीं है। रविनारायण नंद का कहना है कि सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण कर जितनी हो सके यात्री ट्रेनों का विस्तार जगदलपुर और किरंदुल तक किया जाना चाहिए। जनता की परेशानी को रेलवे को समझना चाहिए। 28 दिन से अधिक हो गए यात्री ट्रेनों का विस्तार अटका हुआ है।

जगदलपुर से पुरी के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग : बीजद ने यात्री ट्रेनों के शीघ्र विस्तार करने की मांग के साथ ही दो अन्य मांगें भी रखी है। जगदलपुर से पुरी के लिए व्हाया संबलपुर, अंगुल, देंकानाल, कटाक होकर नई ट्रेन शुरू करने तथा नवरंगपुर-जैपुर-मलकागिरी-भद्राचलम नदी रेललाइन का निर्माण तेजी से पूरा करना शामिल हैं।

### गोगुंडा-डोंगिनपारा ....

नक्सली का शव व हथियार बरामद हुआ। मारे गए नक्सली की शिनाख्त केरलापाल एरिया कमेटी मेंबर एसीएम कोटला गंगा उर्फ मुचाकी गंगा निवासी गोगुंडा सुकमा के रूप में हुई है जिस पर शासन ने पांच लाख रूपए का ईनाम घोषित कर रखा था। इस मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से डीआरजी के तीन जवान घायल हो गए। जिनका उपचार जारी है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### पीडब्ल्यूडी के पांच ....

जगदलपुर हैं। इन सभी अधिकारियों पर आरोप है कि इन्होंने मिरतुर-गंगालूर सड़क निर्माण परियोजना में मिलीभगत कर सरकारी धन का दुरुपयोग और अनियमितताओं को अंजाम दिया।

120 करोड़ का सवाल : प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, इस सड़क परियोजना के लिए भारी-भरकम बजट स्वीकृत हुआ था, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता, कार्य प्रगति और भुगतान प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं सामने आईं। प्रारंभिक जांच में भ्रष्टाचार की पुष्टि के बाद गिरफ्तारियां की गई हैं और आगे और नाम सामने आने की संभावना है।

### प्रयोगशाला परिचारक ...

स्कॉर्फ, टोपी, चश्मा तथा अन्य कोई भी अनुचित वस्तु पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के हाफ टी-शर्ट, हल्के कपड़े एवं पैरों में चप्पल पहन कर आना होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

### घरों में सोलर पैनल ....

के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। सौर ऊर्जा के माध्यम से न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि यह योजना हर परिवार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी। आने वाले समय में प्रत्येक घर की छत पर यह सौर पैनल दिखाई देगा, जिससे महंगे बिजली बिल की चिंता समाप्त हो जाएगी। शासन की इस पहल से प्रदेश में हर वर्ग के नागरिक को सस्ती, सुलभ और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन कायम रखने में भी सहयोग मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री ने किया सईदा को सम्मानित



**बस्तर।** दिव्यांगता अधिकार, अवसर और आशा शीर्षक पुस्तिका का विमोचन एवं दिव्यांगजनों के सम्मान हेतु एक समारोह का आयोजन रायपुर के एक होटल में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 39 नवाचारी शिक्षकों में शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार विकासखण्ड बस्तर से व्याख्याता सईदा खान का लेखन में विशेष योगदान रहा। दिव्यांगजन के सशक्तिकरण और दिव्यांगों के प्रति सामाजिक सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से रचित इस पुस्तक में लेखन हेतु उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा सईदा खान को सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर ने ली छात्रावास अधीक्षकों की बैठक

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले के शिक्षा विभाग से संबंधित डीईओ, डीएमसी, बीईओ, एबीओ, बीआरसी, पोटाकेबिन अधीक्षक, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, डीएवी आस्था, एवं छू लो आसमान अधीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने छात्रों की सुरक्षा, रहने खाने सहित अन्य सुविधाओं जैसे बिस्तर, गद्दे, मच्छरदानियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी उपायों को सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस परिप्रेक्ष्य में कोताही बरतने पर निश्चित रूप से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में कलेक्टर ने अधीक्षकों से छात्रावासों संबंधित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें स्वीकृत करते हुए कहा कि सभी आवासीय संस्थाओं में भोजन व्यवस्था के तहत मेन्यू चार्ट का अनिवार्य रूप से पालन हो और सभी संस्थाओं के भोजनालय और भोजन कक्ष में मेन्यू चार्ट चस्पा होना चाहिए।

### ग्रामीणों को टीकाकरण के फायदों की दी जानकारी

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा कला जत्था, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीकाकरण हेतु ग्राम पंचायतों में अभियान चलाया जा रहा हैं। इस क्रम में ग्राम मेटापाल के बटामपारा, राउतपारा और मांझारीपारा में लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के तहत कला जत्था एवं नुक्कड़ नाटक दल के माध्यम से ग्रामीणों को टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई।

# विकास की नई रोशनी में नहाता मेटागुड़ा गांव, पहली बार जली बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

माओवाद प्रभावित सुदूर बस्तर अंचल का वह इलाका, जहां कभी सूरज ढलने के साथ ही घुप्प अंधेरा छा जाता था अब वहां बिजली की रौशनी ने दस्तक दे दी है।

सुकमा जिला के कोंटा विकासखंड अंतर्गत स्थित मेटागुड़ा गांव में 27 जुलाई को जब पहली बार बिजली का बल्ब जला, तो यह सिर्फ एक जनकल्याणकारी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि यह उस उजाले की शुरुआत थी, जो दशकों से विकास की प्रतीक्षा में खड़े लोगों के जीवन में उम्मीद की नई किरण बनकर आई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत 29 दिसंबर 2024 को मेटागुड़ा में सुरक्षा कैम्प की स्थापना हुई थी। इस सुरक्षा कैम्प ने न सिर्फ सुरक्षा का घेरा बनाया, बल्कि शासन और जनता के बीच की दूरी को भी कम किया। आज उसी कैम्प की बदौलत मेटागुड़ा और आसपास के गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, संचार और अब बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचने लगी हैं।

बिजली आने से मेटागुड़ा और आसपास के ग्रामीणों में उत्सव जैसा माहौल है। जिन घरों में अब तक दीपक की लौ ही रोशनी का एकमात्र साधन थी, वहां अब बल्ब जल रहे हैं। बच्चों की आंखों में पढ़ाई के नए सपने हैं



और बुजुर्गों के चेहरे पर सुकून की रेखाएं। इस उपलब्धि के पीछे जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और सीआरपीएफ 131वीं वाहिनी की संयुक्त मेहनत रही। इस कार्य को सफल बनाने में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी., पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ आनंद सिंह राजपुरोहित, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, कमांडेंट सीआरपीएफ दीपक कुमार साहू एवं द्वितीय कमान अधिकारी मौली मोहन कुमार जैसे अधिकारियों का मार्गदर्शन और समन्वय रहा।

***रोशनी के साथ आएंगे अवसर***

बिजली सुविधा से अब ग्रामीणों को न केवल रोशनी मिलेगी, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, सिंचाई, मोबाइल चार्जिंग, टेलीविजन, रेडियो जैसे संचार एवं मनोरंजन के साधनों तक भी पहुंच आसान होगी। सबसे बड़ी बात यह कि यह सुविधा ग्रामीणों को यह एहसास कराएगी कि शासन और प्रशासन उनके साथ है और उनका भविष्य उज्जवल है।

***उजाले की यह शुरुआत, विकास की लंबी यात्रा की पहली सीढ़ी***

मेटागुड़ा में बिजली आना सिर्फ एक गांव का विकास नहीं है, यह प्रतीक है उस सोच का, जिसमें बस्तर के अंतिम छोर तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने की प्रतिबद्धता है। ❜नियद नेल्ला नार योजना का यह सफल उदाहरण आने वाले समय में अन्य दूरस्थ और अति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए प्रेरणा बनेगा।

## महिला आयोग सदस्य सहित समाज प्रमुखों ने किया पौधरोपण

# वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

मुख्यालय कोंटा में संचालित पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय में बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया।

जिसमें प्रमुख रूप से राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं कोंटा नगर के आधे दर्जन समाज प्रमुखों ने हिस्सा लिया। महिला आयोग की

- **पौधे लगाना और हिफाज़त करना हम सब का प्रथम दायित्व**

सदस्य बस्तर क्षितिज सामाजिक सेवा समिति की संस्थापिका सुश्री दीपिका सोरी ने अपने बैनर तले संपन्न इस कार्यक्रम में बंगाली समाज से देवाशीष राय अनुसूचित जाति समाज से जेट्टी रामाराव तेलुगू समाज से पी राजबाबू ब्राह्मण समाज से अन्नु दुबे मुस्लिम समाज से रफीक खान फॉरेस्ट विभाग के



अविनाश पांडे संस्था प्रमुख वंजाम अशोक का स्वागत किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर छितिज सामाजिक सेवा समिति तथा राज्य महिला आयोग सदस्य का स्वागत शिक्षिका कस्तूरी सोनी ने किया। मां सरस्वती के पूजा अर्चना पुष्प अर्पित के साथ शुरुआत किए गए। इस कार्यक्रम का संचालन पत्रकार रिंटू भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में मौजूद नगर के वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं तथा संस्था के वनांचल क्षेत्रों के बच्चों को संबोधित करते हुए अन्नु दुबे भाजपा महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा जैसे कि स्त्री मांग में सिंदूर के बिना शोभा नहीं देती वैसे ही पृथ्वी पेड़ पौधों के बिना शोभा नहीं देती वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, इसे लगाना और हिफाज़त करना हम सब का प्रथम दायित्व है।

कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया और एक पेड़ माँ के नाम को एक जन आंदोलन के रूप में सफल होने की बात कहते अब तक रोपण, किए गए पौधों के आंकड़े बताए और सुश्री दीपिका सोरी द्वारा इस क्षेत्र में क्षितिज सामाजिक सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को कोंटा मंडल में पहली बार आयोजित करने पर स्वागत किया।

तत्पश्चात वरिष्ठ नागरिक अनुसूचित जाति के जेट्टी रामाराव ने सराहना करते हुए बस्तर में कार्यक्रम की संस्थापिका दीपिका सोरी को उगते हुए सूरज की तरह उभरते सेविका के रूप में पहचान बनाने की बात कहते हुए केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं पर काम करने की बात कही। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आधे दर्जन के आसपास समाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जी साई रेड्डी सुकमा युवा मोर्चा के पूर्व पदाधिकारी वी नरेश कुमार साई वमंसी फॉरेस्ट विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

### समिति बीते 7 साल से कर रही काम : दीपिका

दीपिका सोरी ने सावन व नागपंचमी की बधाई देते हुए कहा बस्तर छितिज सामाजिक सेवा समिति का गठन 7 साल पहले हुई और समिति रजिस्ट्रेशन के साथ जन हित के लिए काम कर रही है। विगत चार साल से वृक्षारोपण कार्यक्रम इस बैनर के तले चल रही है। और सभी सामाजिक लोगों के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम चला रही है। कोंटा में यह समिति पहली बार कर रही है ज्ञात हो कि एक पेड़ मां के नाम की महाअभियान के तहत यहां कार्यक्रम रखी गई है। सभी को प्रकृति का प्रेमी होना चाहिए और पेड़ को भाई बना कर राखी बांधना चाहिए ताकि भविष्य में यह हम सब का ख्याल रखे। पेड़ से होने वाले अनेक फायदों को गिनाते हुए जन्म दिन के अवसर पर केक के जगह पौधा दिए जाने जैसे पहल पर प्रकाश डाला। राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी ने महिलाओं से जुड़े प्रताड़ित मामलों की समाधान करने की बात कहते महिला आयोग में अपनी पीड़ा संज्ञान में लाने पर बल दिया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के मध्य हुई कुश्ती प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में नाग पंचमी पर्व के अवसर पर बच्चों के मध्य कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष श्रावण मास शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि के दिन नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। मंगलवार के दिन विद्यालय में भैया बहनों के बीच कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे शिशु कक्षा से पंचम कक्षा तक 30 भैयाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी के छायाचित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन कर पूजा अर्चना कर किया गया।

अभिभावक कृष्णा गुप्ता व सतीश सोनवानी ने कार्यक्रम का प्रारंभ किया। निर्णायक दशरथ मांडवी व मुख्य निर्णायक जैन सिंह यादव रहे। विजेता, उपविजेता भैयाओ को पुरस्कार दिया गया। इस दौरान उपस्थित अभिभावकों ने करतल ध्वनि से भैया बहनों का उत्साह बढ़ाया। इसके पश्चात भैया बहनों को नाग पंचमी उत्सव पर पौराणिक कथा



सुनाई गई। राजा जन्मेजय के पिता की नाग के डसने से मृत्यु हो गई थी बदला लेने के लिए यज्ञ किए सारे नाग प्रजाति यज्ञ कुंड में गिरकर मरने लगे तब आस्तिक मुनि ने आकर के उस यज्ञ को बंद कराया और सभी नाग को जीवित रखने के लिए प्रार्थना की।

विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि वासुकी नामक सर्प को मदराचल पर्वत को मथानी बनाकर समुद्र मंथन में उपयोग किया गया कहा जाता है कि नाग देवता ही धरती के भार को उठाए हुए हैं। प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 30 भईयाओं को अतिथियों के हाथ से पुरस्कृत किया गया।

उन्होंने कहा सरस्वती शिशु मंदिर ही एक ऐसी संस्था है जो सारे तीज त्यौहार महापुरुषों की जयंती पुण्यतिथि को मानते हैं इससे हमारे बच्चे भी अवगत होते रहते हैं।

# दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: सुलोचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगरनार से बचेली के बीच चल रहे एनएमडीसी स्लरी पाइपलाइन कार्य एक बार फिर से विवादों में है जिसमें इस कंपनी के लापरवाही से एक घर का चिराग बुझ गया।

एल एन्ड टी कंपनी की लापरवाही से एक दुर्घटना घटित हुई जब परसो शाम स्कूल के बाद घर लौट रहे 2 बच्चे इसकी चपेट में आ गए और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गयी। पाइपलाइन बिछाने के लिए कंपनी ने यहाँ बड़े बड़े गड्ढे तो खोद दिए पर न तो सूचना बोर्ड लगवाया न ही कोई गॉर्ड बैठाया है, जिस वजह से एक मासूम की जान चली गयी।

ग्रामीणों ने सुलोचना को बताया कि इससे पहले भी इस जगह पर कई हादसे हो चुके है और जलभराव से पहले भी एक बच्चा इस गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुका है। इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए आज महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गीदम ब्लॉक से जिला पँचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने आज गीदम

**खास बातें**

- स्लरी पाइपलाइन के गड्ढे में गिरने से मासूम बच्चे की हुई थी मौत
- दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का सुलोचना ने दिया भरोसा



के हाऊरनार पँचायत जाकर पीड़ित परिवार से मिलने पहुँची और दुर्घटना स्थल का निरक्षण कर स्थिति का जायज़ा लिया। मृतक बालक डिकेश्वर ठाकुर की माँ से मिलकर उन्हें हिम्मत दी और भरोसा दिलाया कि दोषियों को बिल्कुल भी बख्शा नही जाएगा। इस मामले में सुलोचना कर्मा ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह बालक अपने परिवार का एकलौता बेटा था जो कि आज एक कंपनी की लापरवाही की वजह से हमारे बीच नहीं रहा। सुलोचना ने कहा कि इस मामले में परिवार को उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही भी होनी चाहिए और बताया कि इस मामले में जल्द ही हम ग्रामीणों के साथ मिलकर एफआईआर करवाई जाएगी और तुरंत उन गड्ढो को भरने के लिए कहा जायेगा ताकि भविष्य के ऐसी कोई दूसरी अप्रिय घटना न हो।

# जवानों ने पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

231वीं बटालियन द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 87वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सौरभ राय द्वितीय कमान अधिकारी ने शहीदों को नमन किया तथा शौर्य और पराक्रम की कहानियों से जवानों को परिचित कराया और क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली।

इस अवसर पर विशेष सैनिक सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें सौरभ राय द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस की शौर्य गाथाओं से जवानों को अवगत कराया तथा उपस्थित जवानों व अधिकारियों को केरिपुबल के 87 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं तथा मिठाईयां वितरित की गईं। केरिपुबल के 87वे स्थापना दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जवानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया व रोपे गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। सांयकाल में वॉलीबाल मैच आयोजित किया गया जिसमें वाहिनी के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया तथा उपस्थित दर्शकों ने पूरे जोश के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके उपरांत रंगारंग सांसकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। तदुपरांत, बड़े खाने का आयोजन किया गया,



जिसमें सभी जवान अनुशासन तथा हर्ष के साथ सम्मिलित हुए। केरिपुबल के 87 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में 231 बटालियन के डॉ. सुब्रता मण्डल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजय कुमार पूनिया उप कमाण्डेंट, प्रताप कुमार बेहरा, उप कमाण्डेंट तथा बड़ी संख्या में वाहिनी के कार्मिक उपस्थित रहे।

# नदी-नालों का जल पीने से बचने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बामनपुर में एक महत्वपूर्ण जनजागरूकता अभियान चलाया गया। शिकायत मिली थी कि ग्राम में हर घर नल से जल की उपलब्धता के बावजूद कुछ ग्रामीण नदी और नाले का पानी पीने के लिए उपयोग कर रहे हैं।

समीक्षा बैठक में कार्यपालन अभियंता एस. आर. नेताम, सहायक अभियंता राहुल नाग और जगदीश कुमार देशमुख की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि नदी-नालों और भूजल की गुणवत्ता में अंतर को प्रायोगिक रूप से ग्रामीणों को समझाया जाएगा। इस कार्य के लिए जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला की केमिस्ट सपना मंडल



और परियोजना समन्वयक सुनील चिड़ियम को ग्राम भेजा गया। ग्राम बामनपुर पहुंचकर टीम ने सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और ग्रामवासियों की उपस्थिति में नदी-नाले के पानी और भूजल का जल परीक्षण कर उनके बीच की गुणवत्ता का फर्क दिखाया। प्रयोगशाला टीम ने ग्रामीणों को बताया कि सतही जल स्त्रोतों (नदी/नाला) का उपयोग पीने के लिए करने से गंभीर स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो सकते हैं।

### समापन शिविर का आयोजन तोंगपाल में आज

सुकमा। सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अनेक ग्रामों में औचक भ्रमण और निरीक्षण किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा भ्रमण किये गये ग्रामों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान करने हेतु उक्त ग्रामों में शिविर आयोजित करने हेतु निर्देश जारी किया गया है। सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 30 मई को ग्राम पंचायत तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए थे। शासन से प्राप्त निर्देश के परिपालन में 31 जुलाई को ग्राम पंचायत-तोंगपाल, विकासखण्ड-छिन्दगढ़ अंतर्गत समापन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# विधायक ने नागफनी मंदिर में पूजा कर एम्बुलेंस की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नागपंचमी के पावन पर्व के अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ नागफनी स्थित नाग मंदिर पहुंचे और नाग देवता के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

विधायक ने स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषय को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति को विधायक निधि से एम्बुलेंस प्रदाय किया, जिससे विषम परिस्थिति में ग्रामीणों को सुविधा मिल सके एवं समय पर उपचार हो सके।



इससे कुछ माह पूर्व में विधायक ने मंदिर समिति को पानी टैंकर भी प्रदाय किया था। ग्रामीणों ने विधायक का नागफनी आगमन पर आत्मीय स्वागत किया एवं उनके द्वारा ग्रामीणों की मुलभुत सुविधाओं को लेकर विशेष चिंता की जमकर सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। विधायक ने क्षेत्रवासियों को नागपंचमी के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, पार्षद श्रवण कड़ती, जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी, स्वामी ब्रम्हानंद सरस्वती, स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती, स्वामी महेश्वरानंद गिरी, जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, जनपद उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा रमेश गावड़े, जिला मंत्री भुवनेश्वर भारद्वाज, आईटी सेल जीला संयोजक उरदो ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुआकोंडा सोमडू कोर्राम, दंतेवाड़ा मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर, राजेश नाग, सरपंच सुरेंद्र भास्कर, लक्ष्मीनाथ पोडियाम समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, कार्यकर्ता व गायत्री परिवार के प्रमुखगण उपस्थित हुए।

# सीआरपीएफ ने स्थापना दिवस पर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

219वीं बटालियन मुख्यालय इंजरम में सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्थ कमाण्डेन्ट सारथी घोष अपने सभी अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों के साथ वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात कमाण्डेन्ट द्वारा क्वार्टर गार्ड में गार्ड की सलामी ली। इस अवसर पर कमान्डेन्ट ने सभी कार्मिको को 87वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी तथा संबोधन करते हुए कहा यह पल गौरवशाली है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की नींव मूलतः क्राउन रिप्रेजेंटेटीव पुलिस के नाम से 27 जुलाई 1939 को मध्यप्रदेश के नीमच में रखी गई थी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश में शांति एवं सद्भाव बनाये रखने की



भूमिका पर प्रकाश डालते हुये बल की गौरवमय पराक्रम गाथाओं के बारे में बताया। भविष्य में हर तरह के दायित्वों के निर्वहन के लिये तैयार रहने तथा आशा एवं आकांक्षाओं पर खरा उरतना पर बल दिया। इसके पश्चात कैम्प परिसर में बड़े पैमाने पर पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान तथा साईकिल रैली मुख्यालय सहित वाहिनी के सभी समवाय स्थल पर भी किया गया। इस अवसर पर सभी कैंपों में खेलकूद सांकृतिक कार्यक्रम एवं बड़ा खाना का भी आयोजन किया गया, जिसका सभी कार्मिको नें खुब लुप्त उठाया।

इस कार्यक्रम के दौरान कर्मवीर सिंह यादव द्वितीय कमान अधिकारी, अनुरागराज द्वितीय कमान अधिकारी, अभय कुमार श्रीवास्तव उप कमाण्डेन्ट, काना राम चौधरी सहा. कमाण्डेन्ट, डॉ. मो. इब्राहिम एवं डॉ. लोकेश करोल उपस्थित रहे।

# पौधरोपण, पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण का एक अहम कार्य : हरविन्दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

जी-241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कामानार के द्वारा पौधरोपण अभियान में उच्च प्राथमिक विद्यालय कामानार के परिसर तथा आसपास के इलाके में लगभग 500 पौधे लगाये गये।

इस पौधरोपण अभियान में जवानों के अलावा गांव के ग्रामीणों व स्कूल के बच्चों ने भी अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर हरविन्दर सिंह कमांण्डेन्ट अपने संबोधन में कहा कि पौधरोपण, पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण का एक अहम कार्य है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सदैव पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की



दिशा में अधिक से अधिक पौधरोपण कर आने वाली भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ, सुन्दर एवं साफ वातावरण भी तैयार करने के लिए प्रयत्नशील है। इस अभियान में निरंजन कुमार निराला उप कमाण्डेन्ट, प्रमोद कुमार सिंह सहायक कमाण्डेन्ट, सविता सिंह सहायक कमाण्डेन्ट, सुरेश, सरपंच, गंगा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जवान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### भगवान पारसनाथ की शोभायात्रा आज



जगदलपुर। दिगम्बर जैन समाज द्वारा मुकुट सप्तमी का अवसर पर गुरूवार की सुबह 7 बजे भगवान पारसनाथ की शोभायात्रा मुनीश्री आगाम सागर, पुनित सागर, ध्यैर्य सागर और स्वागत सागर के सानिध्य में निकाली जाएगी। सुबह मंदिर में प्रथम अभिषेक पूजन होगी,तत्पश्चात श्री जी को शोभायात्रा द्वारा शहर भ्रमण किया जाएगा। तत्पश्चात श्री पारसनाथ भगवान का अभिषेक एवं उनकी पूजा संपन्न होगी और निर्वाण कांड पढ़ा जाएगा। इसके बाद बाजोटा सजाओ और लाडू चढ़ाओ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले को सम्वेद शिखर की यात्रा एवं आचार्य श्री के दर्शन हेतु यात्रा का लाभ समाज के द्वारा प्राप्त करवाया जाएगा। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन एवं सचिव संजय कुमार जैन ने समाज के पुरूष, महिला, बच्चे सहित सभी वर्ग से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पूर्ण सहभागिता देने आग्रह किया है।

### महेंद्रकांत व जयराम बने विवि मूल्यांकन बोर्ड के सदस्य

जगदलपुर। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड में दो सदस्यों को नामनिर्देशित किया गया है। इनमें एकल अभियान के अध्यक्ष महेंद्र कांत सांगाणी हैं। जबकि एक अन्य सदस्य के तौर पर जयराम दास को नामांकित किया गया है। यह प्रक्रिया छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 30 (1) (छः) अंतर्गत विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड में सदस्यों का नामनिर्देशन विषय पर आधारित है। इस आशय का पत्र कुलपति के नाम राज्यपाल के अवर सचिव ने जारी किया है।

# जमीनी स्तर पर हो केन्द्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन : पांडे

**कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने जिले के सभी 13 मण्डलों में बैठकें कर रही भाजपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी जिले के सभी 13 मण्डलों में संगठन को सशक्त करने व कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने लगातार बैठकें कर रही है। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने मंगलवार को सरगीपाल मण्डल व आज बुधवार को बास्तानार मण्डल की बैठक लेते अभी तक के मण्डलस्तर के कार्यो की समीक्षा की एवं आगामी कार्यकर्ताओं को गति देने रुपरेखा पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जिले के सभी मण्डलों में सक्रियता बढ़ाते हुये पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में ज़मीनी स्तर पर कार्य करने निर्देश दिये है। जिसके तहत भाजपा जिला संगठन द्वारा सभी मण्डलों में लगातार बैठकें लेने का क्रम जारी है। वेदप्रकाश ने बैठक में कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनता को लाभान्वित करने वाली सभी योजनाओं का लाभ आमजन को मिले व क्षेत्र के विकास के साथ साथ स्थानीय जनों की समस्याओं के निदान के लिये कार्यकर्ताओं द्वारा समवेत प्रयास हो।



**ये रहे मौजूद**

बास्तानार मण्डल की बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप , योगेन्द्र पांडे, नरसिंह राव, बलदेव मंडावी, सुनील कोहरामी, नारायण ठाकुर, वामन वट्टी, संतोष ठाकुर कमल ठाकुर, प्रिया मुचाकी, महांती मंडावी, मालती मंडावी, रंगबती कश्यप एवं सरगीपाल मण्डल में मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी, जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, रोहित त्रिवेदी,हेमकांत ठाकुर, दामोदर बघेल, संतोष बिसाई, बासुदेव बघेल, गजानंद दास, नीलकुमार बघेल रघु सेठिया, लिगबती भारती,खेमेश्वरी, रेवती पटेल, श्याम सुंदर, परमानंद पाढ़ी,घासी यादव, गुनेश्वर बघेल, विद्या सेठिया, दशरथ, लखमु भोलानाथ,त्रिनाथ,केके पाढ़ी,निलेदरी, मोहन सेठिया,राधे पटेल,भगवान भारती, तुलाराम सेठिया, बिरेंद्र ठाकुर, खगेश्वर कर्मा,अर्जुन बलीराम, सम्पत धनपति सनत कुमार कुसटो दीनबंधु मंगल,मगलदास, तुलसी पुजारी रामेश्वर महीसराम,पुरन सोनसाय गनपत तुलसी गोयल शिवनाथ,प्रेम बघेल, बिजेश, सोनधर आदि सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में सम्मान समारोह, स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील

# बस्तर को मिला आकांक्षी जिला का गोल्ड और आकांक्षी ब्लॉक तोकापाल को कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आकांक्षी जिला और ब्लॉक का संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डेय ने आकांक्षी जिला और आकांक्षी ब्लॉक संपूर्णता अभियान के लिए काम करने वाले सभी अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान में सभी को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में संपूर्णता अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले विभाग स्वास्थ्य, शिक्षा, समग्र शिक्षा, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास और पंचायत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। आकांक्षी ब्लॉक तोकापाल विकासखंड को कांस्य पदक दिया गया जिसे सीईओ जनपद पंचायत के नेतृत्व में विकासखंड के अन्य अधिकारियों ने सामूहिक रूप से ग्रहण किया। बस्तर जिले को आगामी 2 अगस्त को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में आकांक्षी जिला का राज्य स्तरीय गोल्ड पदक प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम में कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखण्ड के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान 4 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 संचालित किया गया था। जिसका मुख्य उददेश्य 6 सूचकांकों में सम्पूर्णता प्राप्त करना था। स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत 6 इंडिकेटर में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना था। इस सम्पूर्णता अभियान के सफल संचालन के लिए सकारात्मक परिणाम के साथ हमने बस्तर जिले में महत्वपूर्ण चरण को पूरा किया है। इस अवधि में सभी 6 इंडिकेटर पर कार्य करते हुए ग्रामीण एवं अंदरूनी क्षेत्र मे लाभार्थियों को सेवा प्रदान किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमलों ने गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, शिशु टीकाकरण, पोषण योजना से जोड़ने का काम किए। कृषि विभाग द्वारा स्वाईल हेल्थ कार्ड का समय पर जांच कर किसानों को जानकारी दी गई। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों का वितरण, बच्चों का नियमित स्कूलों में उपस्थिति सुनिश्चित किया गया। पंचायत विभाग ने कार्यो के क्रियान्वयन करवाने प्रमुख भूमिका निभाई। सभी विभागों के प्रयास से और जनभागीदारी से लक्ष्य को प्राप्त किया गया है और यह निरंतर जारी रहेगा। बस्तर जिला को आकांक्षी जिला के तहत राज्य में गोल्ड तथा आकांक्षी ब्लॉक के तहत तोकापाल को कांस्य पदक मिला है।

कार्यक्रम में सभापति खेमसिंह देवांगन, जन प्रतिनिधि वेद प्रकाश पांडेय ने भी संबोधित किया। इसके अलावा एमआईसी के सदस्य, अन्य पार्षदगण, पंचायत पदाधिकारियों सहित उप संचालक पंचायत बीरेंद्र बहादुर, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल सहित अन्य अधिकारी और सम्मान प्राप्त कर रहे कर्मचारी उपस्थित थे।

**सांसद ने संसद में उठाई आवाज**

## आदिवासी बेटियों की सुरक्षा और धर्मांतरण पर सख्त कानून की मांग

जगदलपुर। बस्तर क्षेत्र की संवेदनशील परिस्थितियों एवं आदिवासी समाज की उपेक्षा और शोषण की समस्या को बस्तर सांसद महेश कश्यप ने संसद में मजबूती से उठाया। उन्होंने विशेष रूप से आदिवासी बेटियों की सुरक्षा और धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से सख्त कानून लाने की माँग की।सांसद कश्यप ने कहा पिछले 60 वर्षों तक बस्तर को जानबूझकर विकास से दूर रखा गया। जल,जंगल और ज़मीन से परिपूर्ण इस पावन धरा को माओवाद,गरीबी और अशिक्षा की सजा दी गई। यह क्षेत्र मानो काला पानी की तरह बना दिया गया था। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा की आड़ में कुछ बाहरी तत्व विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में मतांतरण जैसे कुत्सित प्रयासों में लिप्त हैं।



अबूझमाड़ क्षेत्र का उदाहरण देते हुए,जहाँ राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र माने जाने वाले अबूझमाड़िया जनजाति निवास करते हैं,उन्होंने कहा कि मिशनरी गतिविधियों के नाम पर कुछ तत्व आदिवासी बेटियों को बहला-फुसलाकर दूसरे राज्यों में ले जाकर मतांतरण और तस्करी जैसे संगठित अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।सांसद कश्यप ने नारायणपुर से संबंधित एक हालिया मामले का उल्लेख करते हुए कहा 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर अबूझमाड़ क्षेत्र की तीन आदिवासी बेटियों को लेने जबलपुर और आगरा से दो नन पहुंची थीं। एक बेटी ने रोते हुए स्टेशन पर सहायता मांगी।

# भवन नहीं होने से कंट्रोल रूम में बैठते थे जेई व कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नैमेड़ में बना कंपनी का विद्युत वितरण केन्द्र कार्यालय भवन




बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले के अंदरूनी क्षेत्र नैमेड़ में विद्युत वितरण कार्यालय भवन न होने के कारण, जूनियर इंजीनियर (जेई) और अन्य कर्मी कंट्रोल रूम में बैठकर ही काम करते थे। इससे उन्हें अपने काम करने के लिए उचित स्थान नहीं मिल पा रहा था और शिकायतों का समाधान करने में भी समस्या हो रही थी। जेई और अन्य कर्मचारियों को एक ही स्थान पर बैठना पड़ता था, जो कंट्रोल रूम था। यह स्थिति कर्मचारियों के लिए असुविधाजनक थी और इससे उनके काम करने की क्षमता भी प्रभावित हो रही थी। इससे देख कर विद्युत कंपनी के सिविल शाखा ने कार्यपालक निदेशक के निर्देश पर नैमेड़ में विद्युत वितरण कार्यालय भवन लगभग 17 लाख रूपए की लागत निर्माण किया गया। इस भवन का लोकार्पण में बुधवार को कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, सिविल के कार्यपालन अभियंता नंद कुमार मांझी आदि शामिल रहे।

### भवन बनने से मिलेगी राहत

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि बीजापुर जिले के नैमेड़ में डीसी कार्यालय भवन बनने से जेई, कर्मचारी एवं उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

# मूर्तीकार दंपति ने की मारपीट की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



परपा थाना क्षेत्र स्थित कुम्हरावंड गांव में रहने वाले मूर्तीकार दंपति ने पड़ोस में रहने वाले पडिंत परिवार के खिलाफ मारपीट करने व जातिगत गाली गलौच करने की शिकायत थाना समेत वरिष्ठ अधिकारियों से की है।

पिड़िता सीमा पति सूरज कुमार तांडेकर ने बताया कि कुम्हरावंड में किराए के मकान में निवासरत है। तथा मूर्ति बनाकर अपना जीवन यापन करते हैं। उन्होंने बताया कि जहां वे रहते हैं वहीं पंडित परिवार भी रहते हैं जो हमेशा प्रतिदिन जाति भेद करते हुए चिल्लाते रहते हैं और छुआ-छूत मानते हैं। हाल ही में छोटी सी बोर की चाबी को लेकर उनके द्वारा पति सूरज से घर में घुस कर मारपीट किया गया। वहीं सीमा से भी बदसलूकी करते हुए धक्का किया गया इसके अलावा जान से मारने व उठवा देने जैसे गंभीर बाते भी कर रहे हैं। सीमा ने बताया कि इस घटना का वीडियो भी हमारे द्वारा बनाया गया है जो समय आने पर प्रस्तुत किया जाएगा। हालाकिं उसने मारपीट व प्रताड़ना के कारणों व प्रताड़ित करने वालों का नाम नहीं बताया है लेकिन इसकी शिकायत आईजी से लेकर एसपी तक की है। बहरहाल परपा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चिकित्सकों ने सीएमएचओ कार्यालय का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्व.बलिराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर के तीसरे साल के 16 छात्रों (वर्ष 2022 बैच) द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का भ्रमण कर कार्यालय की कार्य विधि को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय से डॉक्टर प्रांशु वर्मा और पीतांबर साहू (एमएसडब्ल्यू) उपस्थित रहे। भावी चिकित्सकों द्वारा सर्वप्रथम संख्याकी शाखा उसके उपरांत भवन निर्माण शाखा, स्थापना तृतीय वर्ग, स्थापना द्वितीय वर्ग, लीगल सेक्शन और अकाउंट सेक्शन के साथ स्टेशनरी शाखा का भी अवलोकन किया गया। आईडीएसपी शाखा में राजेंद्र माली द्वारा लेप्रोसी मरीजों को दी जाने वाली दवाइयां के नवीन परिवर्तन के बारे में छात्रों को बताया ।इसके उपरांत मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा एनएचएम शाखा के अकाउंट सेक्शन और एन.सी.डी. सलाहकार के साथ एनसीडी कार्यक्रम के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त की। एनसीडी कार्यक्रम के जिला सलाहकार हनी गोडलिब द्वारा एनसीडी कार्यक्रम के तहत जिले में किया जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। छात्रों की टीम को भ्रमण करवाने और सभी शाखों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देने के लिए उनके साथ प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय शकील खान शामिल रहे।

# मार्च तक सेंक्शन आवासों को दिसंबर तक करें पूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



कलेक्टर हरिस एस ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णता का प्रतिशत कम होने पर हमको ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने मार्च 2025 तक सेंक्शन हुए सभी आवासों को दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ई-आफिस का संचालन सभी कार्यालयों में करना सुनिश्चित करते हुए विभागीय फाइलों का संचालन ई-आफिस से करें। शासन के निर्देशानुसार कार्यालय के पुराने दस्तावेजों और सामानों का नियमानुसार निराकरण करवाने कहा गया। बैठक में सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत पोस्ट-वेब, पीजी पोर्टल तथा आमचो बस्तर एप के शिकायतों पर चर्चाकर निराकरण के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने आमचो बस्तर एप में प्राप्त आवेदनों का कार्यालय स्तर पर निराकरण होने वाले प्रकरणों को सप्ताह के भीतर जरूर समाधान करें। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में रिपोर्टिंग, डाटा की जानकारी और इसके सभी इंडिकेटर का अपडेशन करने के निर्देश दिए। 15 साल पुराने वाहनों का स्क्रैपिंक की जानकारी तीन दिन में देने के निर्देश दिए। कलेक्टर हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लिए।

विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा प्रबंधन शुल्क प्रत्येक परिवार से लिये जाने के संबंध में चर्चा किए। साथ ही सामुदायिक शौचालय निर्माण, सेग्रीगेशन रोड निर्माण कार्य की प्रगति, फाइनेंस का ब्लाकवार प्रोग्रेस तथा सभी जनपद द्वारा प्रस्तुत स्व-सहायता समूह के ऋण प्रकरणों पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने नरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पीडीएस दुकान का निर्माण की प्रगति का संज्ञान लिया। इसके अलावा कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत स्वीकृत देवगुडी के निर्माण के प्रगति की समीक्षा किए। पूर्व वर्षों में स्वीकृत कार्य को गति देने और जो काम नहीं हुए उसको निरस्तीकरण का प्रस्ताव सभी जनपद सीईओ देने के लिए निर्देशित किए।

# विधायक देव विकास के लिए प्रयासरत : खेमसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने शहर के जलभराव से निजात दिलाने में प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने पहल करते शहर के 10 प्रमुख पुलिया निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत कराने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक के नेतृत्व में शहर में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास के लिए प्रयासरत हैं। शहर के विकास में दलपत सागर का सौंदर्यीकरण,धरमपुरा से पल्ली नाका सड़क,समुंद चौंक से पावर हाऊस चौक पंच पथ से लालबाग आमागुड़ा चौक तक सड़क निर्माण, नाला निर्माण कार्य, विभिन्न सड़कों का निर्माण,विधुत व्यवस्था के लिए उपकेन्द्रो का स्वीकृति,व जनता के मूलभूत सुविधाओं में लगातार कार्य करते हुए जनता की समस्याओं का समाधान करने का कार्य किया जा रहा है। देवांगन ने बताया हमारे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य हो रहा है। हर क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। विधायक ने शहर के प्रमुख 10 पुलिया निर्माण कार्य जिसमें सिराहसार सामने पुलिया, पावर हाउस चौक पर पुलिया,आईबीसी आफिस के सामने पुलिया,कोर्ट चौक के सामने पुलिया, मोहन नगर में पुलिया,भंगाराम मंदिर के सामने पुलिया,पं सुंदर लाल शर्मा वार्ड में पुलिया अन्य प्रमुख स्थान में पुलिया का निर्माण कार्य का स्वीकृति दिलाई है।

**बालाजी वार्ड में स्वच्छता जागरुकता अभियान**

# दुकानदारों के को किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत बालाजी वार्ड स्थित दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान दुकानदारों को गिला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखने की समझाइश दी गई। साथ ही बताया गया कि किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कचरा न फेंकें और यदि कचरा वाहन नियमित रूप से नहीं आता है, तो इसकी सूचना तुरंत अपने वार्ड के मेट या पार्षद को दें। समस्या के निराकरण न होने की स्थिति में नागरिक टोल फ्री नंबर 1100 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अभियान में महापौर के साथ नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, पार्षदगण, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, शहर के सम्मानित नागरिक सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं। महापौर ने कचरा अलग-अलग करके नागरिकों को उदाहरण स्वरूप समझाया कि स्वच्छता कैसे अपनाई जाए। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ कचरा प्रबंधन नहीं, बल्कि लोगों के मन में स्वच्छता को लेकर आदत और जिम्मेदारी पैदा करना है। महापौर ने अपील की है कि हम सब एकजुट होकर जगदलपुर को स्वच्छ मिशन के आदर्श शहरों में शामिल करें। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झा, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं स्वच्छता प्रेमी उपस्थित थे।

### स्वच्छता आदत में शामिल करें

महापौर ने वार्डवासियों और दुकानदारों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करें और अपने वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411